आप बेल्जियम में रहते हैं लेकिन आप बेल्जियम राष्ट्रीयता के नहीं हैं और आप निम्नलिखित में से एक या अधिक स्थितियों में हैं:

- » आप स्वयं को ऐसी स्थिति में पाते हैं, जो उस स्थिति से अलग है, जिसका आपसे वायदा किया गया था।
- » आपको ऐसी चीज़ें करने के लिए मजबूर किया जा रहा है जो आप नहीं करना चाहते।
- » जितना आपसे कहा गया था, आपका वेतन उससे कम है, या फिर, जो काम आप कर रहे हैं, उसके मुकाबले आपको या तो बहुत कम वेतन मिलता है या वेतन दिया ही नहीं जाता।
- » जो संस्था/नेटवर्क आपको बेल्जियम लेकर आया था, वो या उसके कहने पर, आपको वापसी के किराए के लिए काम करने पर मजबूर किया जा रहा है।
- » आपको अथवा आपके परिवार को धमकाया जा रहा है, और/अथवा आप हिंसा के शिकार हैं।
- » आपके दस्तावेज़ ज़ब्त कर लिए गए हैं और आपको लौटाए नहीं जा रहे हैं।
- » आपको ज़्यादातर बंद रखा जाता है और आपको बाहरी दुनिया से बिल्कुल अलग–थलग रखा जाता है।
- » आप बेल्जियम एक बहुत लम्बी यात्रा के बाद पहुंचे, जिसके लिए आपको बहुत सारे पैसे देने पड़े, और आपको हिंसा का भी सामना करना पड़ा, अथवा आपकी जान ख़तरे में डाली गई।

अगर आप चाहें, तो आपका संपर्क करवाया जा सकता है, या आप स्वयं संपर्क कर सकते हैं, एक विशेष केन्द्र से, जो मानव तस्करी पीड़ितों के स्वागत और उनका साथ देने का काम करता है।

निम्नलिखित केन्द्र उनके द्वारा दी जाने वाली सहायता और मानव तस्करी से पीड़ित लोगों की विशिष्ट स्थितियों संबंधी कार्यविधि के बारे में आपको अधिक जानकारी प्रदान कर सकते हैं।

PAG-ASA : ☎ 02/511.64.64 – Brussels – info@pag-asa.be
PAYOKE : ☎ 03/201.16.90 – Antwerp – admin@payoke.be
SÜRYA : ☎ 04/232.40.30 – Liège – info@asblsurya.be

यह स्वागत केन्द्र किस प्रकार आपकी मदद कर सकता है?

यह केन्द्र आपको दे सकता है:

- » एक सुरक्षित आवास;
- » विभिन्न स्वरूपों में सहायता और सहयोग (चिकित्सा संबंधी, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और कानूनी सहायता)।

यह केन्द्र आपको इस बात की भी जानकारी देगा कि आप बेल्जियम में कानूनी तौर से किस प्रकार रुक सकते हैं। इनमें से एक शर्त यह है जिन लोगों ने आपका शोषण किया, उनके बारे में आपको जितनी जानकारी है, वो पुलिस को दें।

ऐसा करने से पहले, यदि आप चाहें तो आपको सहायता केन्द्र में आते ही इस विषय पर सोचने का समय दिया जा सकता है।

यह सहायता केन्द्र 24 घंटे खुला रहता है
स्वविवेक काम की गारंटी है

PAG ASA
Cellebroersstraat, 16,
Rue des Alexiens
1000 Brussel/Bruxelles
☎ 02/511.64.64
02/511.58.68
info@pag-asa.be

payoke
Leguit 4
2000 Antwerpen
☎ 03/201.16.90
03/233.23.24
admin@payoke.be

asbl SÜRYA
Rue Rouveroy, 2
4000 Liège
☎ 04/232.40.30
04/232.40.39
info@asblsurya.be